राजभाषा विशेषांक

जल विकास
Jal Vikas

त्रैमासिक पत्रिका | खण्ड-27 | अक्तूबर 2018

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की आंतरिक पत्रिका
(Inhouse Bulletin of National Water Development Agency)

हिन्दी पखवाड़े के उद्‌घाटन समारोह की झलकियां

"जल ही जीवन है, इसका संरक्षण करें"

इस अंक में

संदेश एवं अपील

- महानिदेशक महोदय की ओर से
- मुख्य अभियंता (मुख्यालय) का संदेश
- निदेशक (तकनीकी) एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा संपादकीय

लेख

- जल संकट की समस्या का समाधान जरूरी है एवं जल नहीं बचा तो जीवन भी नहीं बचेगा
  श्री साली अरूण गंगाधर, प्रारूपकार–II, अन्वेषण प्रभाग, भोपाल
- भाषा की प्रकृति और संरचना
  श्री अनिल कुमार द्विवेदी, हिन्दी अनुवादक, नई दिल्ली

तकनीकी सारसंग्रह

- प्रशिक्षण/संगोष्ठी,/सम्मेलनों में भागीदारी
- नियुक्ति/पदोन्नति/सेवानिवृत्ति/शोक का विवरण

रा.ज.वि.अ. की गतिविधियां

- महानिदेशक, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की अपील
- मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़ा–2018 का आयोजन
- मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालयों में हिन्दी पखवाड़ा–2018 का आयोजन
- मुख्य अभियंता (दक्षिण) के कार्यालयों में हिन्दी पखवाड़ा–2018 का आयोजन

कविताएं

- विनती, सलाह और चेतावनी – वहशी दरिंदों को
  श्री जगवंत खेड़ा, प्रारूपकार, नई दिल्ली
- पर्यावरण
  श्रीमती अर्चना गुप्त, सहायक निदेशक (राजभाषा), नई दिल्ली

अन्य

- दिनांक 05.09.2018 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा अन्वेषण सर्किल, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, हैदराबाद का निरीक्षण
- क्षेत्रीय कार्यालयों के राजभाषा संबंधी निरीक्षण एवं बैठकें
- प्रेस कटिंग
- पाठकों की प्रतिक्रिया

महानिदेशक महोदय की ओर से

जल विकास का राजभाषा विशेषांक आपके सम्मुख प्रस्तुत है जिसमें राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (रा.ज.वि.अ.) के सभी कार्यों की झलकियां चित्रित की गई हैं। रा.ज.वि.अ. अपने तकनीकी कार्यों के साथ–साथ राजभाषा संबंधी कार्य और इससे संबंधित अनुपालन करने में बहुत गर्व महसूस करता है। केवल मुख्यालय ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण में पदाधिकारियों द्वारा हिन्दी संबंधी कार्य विशेष रूचि एवं निष्ठा से किए जा रहे हैं। मुझे आशा है कि जल विकास के इस विशेषांक का आप स्वागत करेंगे और यह आपकी रूचि के अनुकूल होगा।

इस अंक में रा.ज.वि.अ. के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर लिखे गए लेख प्रकाशित किए गए हैं। आशा है कि ये लेख आपको पसंद आएंगे।

राजभाषा विशेषांक के ''तकनीकी सारसंग्रह'' में रा.ज.वि.अ. के तकनीकी कार्यों की प्रगति को दर्शाया गया है।

इस अंक में रा.ज.वि.अ. मुख्यालय एवं मुख्य अभियंता, उत्तर एवं दक्षिण तथा उनके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा–2018 में कराई गईं विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं एवं उनमें पुरस्कृत पदाधिकारियों का विवरण भी झलकियों के साथ प्रकाशित किया जा रहा है। इस अंक में मेरे द्वारा जारी की गई अपील भी प्रस्तुत है। हिन्दी पखवाड़े के आयोजन में आप सभी की भागीदारी के कारण ही हम इसे इतना अधिक सफलता पूर्वक संपन्न करते हैं।

वर्ष 2017–2018 में हिन्दी के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए ''राजभाषा वैजयंती'' अन्वेषण सर्किल, ग्वालियर को और उनके अधीनस्थ प्रभागों ग्वालियर, झांसी, भोपाल और जयपुर को लघु राजभाषा वैजयंती से सम्मानित किया गया है। मेरी सभी को हार्दिक बधाई और आशा है कि रा.ज.वि.अ. के सभी कार्यालय हिन्दी के प्रति अपना उत्साह बनाए रखेंगे और प्रगति मार्ग पर आगे बढ़ेंगे।

रा.ज.वि.अ. के पदाधिकारियों द्वारा जिन विभिन्न प्रशिक्षण/संगोष्ठी/सम्मेलन एवं कार्यशालाओं में भाग लिया गया उनका विवरण भी इस अंक में प्रस्तुत किया गया है एवं साथ ही रा.ज.वि.अ. में हुई नई नियुक्तियों, पदोन्नतियों व सेवानिवृत्तियों का विवरण भी दिया गया है। मैं सभी पदाधिकारियों की इन विशिष्ट उपलब्धियों से बहुत प्रसन्न हूँ। इस अंक के अंत में रा.ज.वि.अ. के पदाधिकारियों की रोचक कविताएं प्रस्तुत हैं जो आप सभी को काव्य रस की अनुभूति कराएंगी।

अंत में आप सभी से मेरा अनुरोध है कि आपको यह अंक कैसा लगा, और इसको बेहतर बनाने के बारे में अपने विचार हम तक पहुंचाएं।

सधन्यवाद।



(एम. के. श्रीनिवास)
महानिदेशक
राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण

संदेश

जल जीवन है, इंसान भोजन के बिना कई दिन जीवित रह सकता है पर पानी के बिना नहीं। जल है तो कल है, जल नहीं तो कल नहीं। जीवन और प्रकृति सम्पूर्ण रूप से पानी पर ही निर्भर है इसलिए जल को जीवन कहा गया है। पानी के बिना जीवन की कल्पना करना असम्भव है।

पिछले कई वर्षों से पानी की कमी को निरंतर महसूस किया जा रहा है, जल संकट कल महासंकट न हो जाए, आज यह सोचने का वक्त आ गया है। राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण भविष्य में जल की कमी को दूर करने के लिए नदी जोड़ परियोजनाओं की रिपोर्टें तैयार करने के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है। हम पानी का दुरूपयोग कैसे रोकें और केवल देश में ही नहीं पूरे संसार में इसके दुरूपयोग को अवश्य रोकना होगा। हमारी अपनी लापरवाही ने ही जल संकट को जन्म दिया है। नदियों ने नालों का रूप ले लिया है, झरने, तालाब, पोखर, झीलें सूखने लगे हैं, अगर अब भी इस संकट को हम समझ नहीं पा रहे हैं तो हमें ही इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

हर क्षेत्र में हो रहे जल के दुरूपयोग को रोकने के लिए देश का प्रत्येक नागरिक यदि जागरूक हो जाए और जल संरक्षण व जल प्रबन्धन में विशेष भूमिका निभाने लगे तो यह संकट निश्चित ही दूर हो सकता है। आज जल की कमी को देखते हुए तरह–तरह की आशंकाएं भविष्य के लिए की जा रही हैं। यदि आज हम सचेत नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं जब हम दुनिया के उन 90 करोड़ लोगों में शामिल होंगे जो पानी को तरसेंगे। इसका सबसे बड़ा कारण है औद्योगीकरण, शहरीकरण और लाइफ स्टाइल में पानी का बेतहाशा खर्च जिसे रोकने के उपाय हमें स्वयं खोजने होंगे।

आर के जैन

(आर. के. जैन)
मुख्य अभियंता (मुख्यालय)

संपादकीय

पृथ्वी पर उपलब्ध समग्र जल में से लगभग 2.7 प्रतिशत जल स्वच्छ है जिसमें से लगभग 75.2 प्रतिशत जल ध्रुवीय क्षेत्रों में जमा रहता है और 22.6 प्रतिशत भूजल के रूप में विद्यमान है, शेष जल झीलों, नदियों, वायुमण्डल, नमी, मृदा और वनस्पति में मौजूद है। जल संसाधन विकास और प्रबन्ध का संकट इसीलिए उत्पन्न होता है क्योंकि अधिकांश जल उपभोग के लिए उपलब्ध नहीं हो पाता और दूसरे इसका विषमतापूर्ण स्थानिक वितरण भी इस संकट को और गहन कर देता है। जीवन के लिए जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है इसीलिए इसके किफायती प्रयोग तथा प्रबंधन पर अधिक बल दिया जा रहा है।

भारत में पिछले लगभग 60 वर्षों में जनसंख्या 33 करोड़ से बढ़कर 115 करोड़ हो गई है। देश के कई शहरों में औसतन एक घंटे से अधिक पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कई शहरों में टैंकर ही जल की आपूर्ति का साधन बन चुके हैं। पानी के लिये कतारों में लगना भी अब लोगों की दिनचर्या में शामिल हो चुका है। कई जगह पीने का पानी रेलवे की मदद से भेजा जा रहा है। भारत के गांवों में स्थिति और भी खराब है। इस परिप्रेक्ष्य में हमें नदी जोड़ परियोजनाओं के माध्यम से जल की कमी वाले क्षेत्रों में जल उपलब्ध कराने के लिए बड़ी तेजी से कदम उठाने होंगे।

भारत में जी.डी.पी. बढ़ने से आय में वृद्धि हो रही है और इससे लाइफ स्टाइल में तीव्र गति से परिवर्तन हो रहा है। आधुनिक लाइफ स्टाइल के कारण पानी की खपत में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिससे जल संकट गहरा होता जा रहा है।

इसको ध्यान में रखकर ही रा.ज.वि.अ. ने अपनी योजनाओं के द्वारा इस जल संकट से उबरने के लिए कई अध्ययन किए हैं जिनके क्रियान्वित होने से भारत में जल की अधिकता वाले क्षेत्रों से जल की कमी वाले क्षेत्रों को पानी अंतरित करके इस संकट का समाधान निकालने का प्रयत्न किया जा रहा है।

आशा है कि जल विकास का यह अंक आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा और इस संबंध में अपने विचारों और प्रतिक्रियाओं को आप हमें सूचित करेंगे।

(के. पी. गुप्ता)
निदेशक (तकनीकी) एवं राजभाषा अधिकारी

जल संकट की समस्या का समाधान जरूरी है

*साली अरूण गंगाधर

जल संकट वर्तमान समय की एक गंभीर समस्या है। देश के कई राज्यों में वर्षा ऋतु के खत्म होते ही जल संकट गहराने लगता है और ग्रीष्म ऋतु आते–आते यह भयावह स्थिति का रूप लेने लगता है, क्योंकि हमने अपनी बूंद–बूंद सहेजने वाली पूर्वजों की जल–संस्कृति को तिलांजलि दे दी है। वर्तमान में जल की समस्या दोहरी है, एक तो पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं है और दूसरा–जो बचा हुआ है, उसका रूप–रंग और स्वाद तेजी से बदल रहा है और इन परिस्थितियों के लिए उत्तरदायी इन्सान ही है।

देखा जाए तो जो देश जितना विकसित व समृद्धशाली हुआ है, उतना ही जल समृद्धि से वंचित है, क्योंकि दुनियां अपने प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के विकास से समृद्धि पाने की राह पर चल रही है, जबकि उसे प्राकृतिक संसाधनों के पोषण के साथ इस राह पर बढ़ना चाहिए। वर्तमान में पानी की समस्या बारहमासी बन चुकी है और हमारा समाज भी इससे कोई सबक लेने को तैयार नहीं है, जबकि यही समय है पानी का मूल्य समझने, समझाने, सहेजने के तौर–तरीके जानने का और अपने पूर्वजों के बताए हुए रास्ते पर चलने का जिससे कि बूंद–बूंद पानी बचाने के संकल्प के साथ हम सभी अपनी धरती को जल समृद्ध बना सकें।

वर्षा जल का संचयन जल संकट से निपटने का सबसे कारगर तरीका है। कहावत है कि बूंद–बूंद से सागर भरता है उसी तरह रेनवाटर हार्वेस्टिंग तकनीक द्वारा बारिश की बूंदों को सहेजने वाली कुछ ऐसी सराहनीय कोशिशें हैं, जिनके द्वारा अनेक व्यक्तियों ने जल संकट की गहराती समस्या पर काबू पाया है। इसमें पहला उदाहरण, राजकोट गुजरात के 63 वर्षीय श्याम जी जाधव का है जो कि एक किसान हैं, वे कम पढे–लिखे हैं, लेकिन जल–संरक्षण के उनके प्रयास किसी वैज्ञानिक तकनीक से कम नहीं हैं। उनकी सौराष्ट्र लोकमंच संस्था ने साधारण वर्षा जल–संरक्षण संयंत्रों का प्रयोग कर समूचे गुजरात के लगभग 3 लाख कुओं ओर बोरवेलों को बारिश के पानी से पुनर्जीवित कर दिया है।

इसी तरह राजस्थान में जयपुर के पास लापोडिया गांव के लक्ष्मण सिंह ने भी चौका तकनीकी के तहत 10 फीट चौड़े और 10 फीट गहरे तालाबों की श्रृंखला बनाकर खेतों को हरा–भरा कर दिया था। उनके इस कार्य हेतु उन्हें वर्ष 2007 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल द्वारा जल–संग्रहण पुरस्कार प्रदान किया गया था। राजस्थान के अलवर और महाराष्ट्र के रालेगॉव सिद्धि में भी लोगों ने अपने साधनों और श्रम से वर्षा के जल के संग्रह की अनेक क्षेत्रीय छोटी–छोटी योजनाओं को कार्यान्वित करके अपने क्षेत्र की कायापलट कर दी है। उन्होंने जल–संग्रहण के लिए छोटे–छोटे बांध और सरोवर बनाकर वर्षा के पानी को व्यर्थ बहने से बचाया और उसका संग्रह किया। आज यह क्षेत्र हरी–भरी धरती और लहलहाती फसलों से समृद्ध है।

इसी तरह मध्य प्रदेश के दतिया प्रखंड का हमीरपुर गांव भी जल संसाधन व प्रबंधन तकनीक से वर्षा जल संचित कर जल संकट से मुक्ति पा चुका है। इसके लिए गाँव वालों ने एक बड़े से तालाब का निर्माण कर उसमें वर्षा जल संचित कर गांव के भूजल स्रोतों को इतना जल से भर दिया कि वहां पर पानी के लिए अन्य स्रोतों पर निर्भरता खत्म हो गई है। हमीरपुर की जल–संरक्षण की सफलता से प्रेरित

*प्रारूपकार, अन्वेषण प्रभाग, भोपाल

होकर पड़ोसी गांवों ने भी वर्षा जल–संचयन तकनीकी को लागू करके जल संकट से मुक्ति पा ली है। वर्षा जल–संचयन की इन तकनीकों के सुखद परिणामों से प्रेरित होकर झारखंड सरकार ने भी राजधानी रांची समेत राज्य के कई शहरों में वर्षा जल–संचयन को अनिवार्य कर दिया है।

जल–संरक्षण द्वारा जल को सहेजने के मामलों में यदि विदेशी देशों से प्रेरणा ली जाए तो इसमें इजराइल दुनिया का शीर्ष देश है। यह देश जल स्वउद्यमिता अर्थात जल–संरक्षण के क्षेत्र आत्मनिर्भरता विकसित करने का सबसे अच्छा उदाहरण है, क्योकि यहां पर जल के स्रोत चाहे वो भूजल हो, सतह पर मौजूद जल हो या दूषित जल, सभी पर सरकार का अधिकार है और जल को लोगों तक पहुचाने के लिए निजी व सार्वजनिक दोनों ही उपक्रमों की मदद ली जाती है, जबकि भारत में स्थिति इसके विपरीत है। यहां सिर्फ 10 से 15 फीसदी जलीय स्रोतों पर ही सरकार का आधा–अधूरा नियंत्रण है, शेष बचे हुए जल के अन्य सभी स्रोत लोगों के उपयोग व दुरूपयोग के लिए खुले हैं। इसके कारण पानी की बरबादी होती हैं। आंकडों के मुताबिक भारत में घरों और उद्योगों से निकलने वाले सिर्फ 30 फीसदी दूषित पानी का ही शोधन किया जाता है और शेष बचे पानी को नदियों व नहरों में बहा दिया जाता है। इससे प्राकृतिक संसाधन दूषित होते हैं और बीमारियां फैलती हैं।

जबकि सिंगापुर जैसे देशों में जल कंपनियां दूषित जल का शोधन करके 'न्यू वॉटर' बना रही हैं, जिसे उद्योगों, जनोपयोगी सेवाओं व शहरी निर्माण में इस्तेमाल किया जाता है। इसी तरह हमारे देश में भी दूषित जल को शोधित करके इसे एक व्यापार का रूप दिया जा सकता है। वैसे भी हमारे देश में बोतल–बंद पानी का व्यापार तेजी से फल–फूल रहा है जबकि ग्रामीण इलाकों व शहरी झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध नहीं है। इन लोगों को साफ पानी के लिए समय व धन, दोनों ही खर्च करने पडते हैं। अतः ट्यूबवेल लगाकर और जल आपूर्ति संयंत्र बनाकर छोटी–छोटी कंपनियां ऐसी सुरक्षित व सस्ती जल–विवरण प्रणाली विकसित कर सकती हैं, जिससे जल उपक्रमों और गरीब उपभोक्ताओं दोनों को फायदा पहुंच सके।

जल–संरक्षण के मामले में जापान ने भी अपने देश में सफल प्रयोग किए हैं। सभी जानते हैं कि टॉयलेट फ्लश करने में पानी की सबसे अधिक बरबादी होती है। फ्लश टैंक के आकार के आधार पर प्रत्येक फ्लश के साथ पांच से सात लीटर पानी बरबाद होता है। इसे रोकने के लिए जापान ने एक नया तरीका अपनाया है। वहां की एक कंपनी ने शौचालय के फ्लश टैंक के ऊपर ही हाथ धोने के लिए वॉश बेसिन लगवा दिए हैं जिससे हाथ धोने के बाद यह पानी सीधा फ्लश टैंक में ही चला जाता है और टॉयलेट फ्लश करने के लिए इसका इस्तेमाल होता है।

इसी तरह अमेरिका में भी जल–संरक्षण से संबंधित कुछ प्रयोग किए गए। वहां पिछले कई वर्षों से अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया सूखे की चपेट में है। इस समस्या से निजात पाने के लिए वहां के स्थानीय निकाय ने "टॉयलेट टू टैप" नाम से वेस्ट मॅनेजमेंट की एक परियोजना शुरू की। परियोजना के तहत लोगों के घरों से निकलने वाले दूषित जल का शतप्रतिशत शोधन होता है। इस तकनीक में तीन प्रक्रियाओं के जरिए दूषित जल को पीने लायक पानी में बदला जाता है। यह संयंत्र सीवेज से रोजाना 37 करोड लीटर शुद्ध जल बना रहा है और यह पानी शुद्धता के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरता है।

वर्तमान में हमारा देश भी जल संकट के उस दौर से गुजर रहा है जिसे हमारी पीढ़ी से पहले की किसी पीढ़ी ने नहीं देखा था। अतः जरूरत इस बात की है कि देश में जल–संरक्षण व जल–शुद्धिकरण के विविध प्रयास किए जाएं क्योंकि इसके अलावा हमारे पास अन्य कोई विकल्प नहीं है।

जल नहीं बचा तो जीवन भी नहीं बचेगा

ब्रह्मांड में पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है जहां जीवन है और जीवन का आधार है जल। सभी जैविक और अजैविक जीवधारियों के जीवन के अस्तित्व के लिए जल आवश्यक है। इसके बिना जीवन असंभव है। प्रकृति का संचालन पंच तत्वों से होता है। पृथ्वी, जल, आकाश, वायु और अग्नि तत्वों सहित समस्त जीवों, पेड़–पौधों और वनस्पतियों का पोषण जल से ही होता है। जब सृष्टि का निर्माण हुआ तो पहला जीव जल में ही उत्पन्न हुआ। इससे जल की महत्ता स्पष्ट है। हम जानते हैं कि मानव जाति की सभ्यता का विकास नदियों के किनारे हुआ। नदियों के तटों से ही हमारी सभ्यताएं उत्पन्न और विकसित हुईं। पहले आबादी कम थी, जल का उपयोग और उपभोग सीमित था किन्तु धीरे–धीरे विश्व की आबादी तेजी से बढ़ी और जल का अंधाधुंध दोहन किया जाने लगा। आज समूचा विश्व पेयजल संकट से जूझ रहा है। शहरीकरण बढ़ने से पानी की खपत बढ़ रही है और प्राकृतिक जल स्रोत सूखने लगे हैं। नदियों और जलाशयों में प्रदूषण बढ़ने से उनका जल पीने योग्य नहीं रहा है। भारत में मांग के अनुपात में जल की उपलब्धता बहुत कम है। अभी से जल बचाने के ठोस उपाय नहीं किये गए तो आने–वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

भौतिक सुखों की चाह में मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया है। उद्योग और विकास के नाम पर जमीन से जितना जल हम दोहन कर रहे हैं, उसके अनुपात में हम रीजार्च के लिए प्रकृति को नहीं लौटा रहे हैं। पेड़ों की जड़ों से जल जमीन में जाता है उसमें कमी आई है, परन्तु इसके प्रति लोगों में जागरूकता की कमी है। जिस तरह स्वच्छता अभियान देश में चल रहा है, वैसे ही जल संसाधन के विभिन्न उपायों पर काम करने की आवश्यकता है।

देश में परम्परागत जल स्रोतों को हमें विकसित करने की आवश्यकता है। देश के अनेक राज्य आज सूखे की विकराल समस्या से जूझ रहे हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु के अनेक जिलों में सूखा है। पानी के लिए वहां त्राहि–त्राहि मची हुई है। ग्रामीण अंचलों में लोग मीलों दूर से पानी लाने के लिए विवश हैं। मध्य प्रदेश में 23 जिलों में जल संकट पैदा हो गया है। ज्ञातव्य है कि नई दिल्ली में 2004 में एक सम्मेलन हुआ। इसमें 76 देशों के 300 से ज्यादा जल कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था। सम्मेलन में आए सुझाव इस प्रकार हैं "पेयजल मनुष्य" का मौलिक अधिकार है तथा इस अधिकार का संरक्षण किया जाना चाहिए। विश्व में किसी भी स्थान पर जल का निजीकरण नहीं किया जाना चाहिए। जल संसाधन का व्यवसायीकरण संपूर्ण विश्व के लिए घातक है। विश्व में पेयजल सीमित है। इसकी सर्वउपलब्धता को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक पेयजल स्रोतों का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया जाना चाहिए। देश में सामान्य जल वितरण प्रणाली का प्रभारी बनाया जाए जिससे आम आदमी को पीने के पानी की आपूर्ति हो सके। जल स्रोतों के दोहन तथा पेयजल वितरण को निजी हाथों में नहीं जाने दिया जाए। "नदी किनारे स्थापित होने वाले उद्योगों से वायु और ध्वनि प्रदूषण नदियों के पानी को दूषित कर रहा है। उद्योग का कचरा नदियों में जा रहा है वायु और ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है। विकास का अर्थ सिर्फ निर्माण को बढ़ावा देना नहीं है। अब स्मार्ट सिटी बन रही है इसके लिए हजारों पेड़ों की बलि दे दी जाएगी। सड़क निर्माण के लिए हजारों पेड़ काट दिये जाते हैं। वर्षा जल भूमि के भीतर नहीं जा पाता हैं और भूजल स्तर धीरे–धीरे कम होता रहता है। पिछले अनेक वर्षों से भूजल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है।

भाषा की प्रकृति और संरचना

*अनिल कुमार द्विवेदी

भाषाविज्ञान के संदर्भ में भाषा के सहज एवं सरल स्वभाव तथा नैसर्गिक गुण को भाषा की प्रकृति कहते हैं। भाषा का गहन एवं व्यावहारिक संबंध समाज से ही होता है। वह समाज में रहकर ही मानव एवं अन्य प्राणियों को प्राप्त होती है। भाषा किसी की पैतृक संपत्ति नहीं है। इसे समाज में मानव परस्पर अनुकरण एवं सामाजिक व्यवहार से प्राप्त करता है एवं अर्जित करता है। भाषा सदैव परिवर्तित होती रहती है। यह एक प्रचलित कहावत 'कोस–कोस पर पानी बदले और चार कोस पर बानी, को चरितार्थ करती है। वह किसी के बंधन में विकसित नहीं होती है। अपितु उसका प्रवाह नैसर्गिक एवं प्राकृतिक होता है। अतः भाषा के विविध रूपों को इस प्रकार विभाजित किया जा सकता है।

1. भाषा एक सामाजिक संपत्ति है।
2. भाषा परंपरागत वस्तु है।
3. भाषा अर्जित संपत्ति है।
4. भाषा परिवर्तनशील होती है।
5. भाषा अनुकरण से सीखी जाती है।
6. भाषा मानव जीवन से पोषित होती है।
7. भाषा भाव–संप्रेषणीयता का सर्वश्रेष्ठ साधन है।
8. भाषा सार्वजनिक संपत्ति है।
9. भाषा जटिलता से सरलता की ओर उन्मुख होती है।
10. भाषा का प्रवाह अविच्छिन्न और नैसर्गिक होता है।

सामाजिक संपत्ति–भाषा का गहन संबंध समाज से है। कोई भी भाषा उस भाषा–भाषी समाज में रहकर ही सीखी जाती है, क्योंकि कोई भी बालक किसी भाषा को सीख कर जन्म नहीं लेता बल्कि जन्म के उपरांत जिस भाषा–भाषी समाज में उसका पालन–पोषण होता है, वह उसी भाषा को सहज रूप में सीख लेता है। उदाहरण के लिए, यदि भारत के दक्षिणी राज्य केरल के किसी स्थान पर कोई बच्चा जन्म लेता है और उसे जन्म लेते ही उत्तर भारत के किसी स्थान पर पालन–पोषण के लिए भेज दिया जाए तो वह बच्चा केरल में बोली जाने वाली 'मलयालम' न सीखकर बल्कि सहज रूप से उसी भाषा को सीखेगा और बोलेगा जिस भाषा–भाषी परिवार में उसका वर्तमान में पालन पोषण हो रहा हो।

परंपरागत वस्तु

भाषा एक परंपरागत वस्तु है क्योंकि प्रत्येक समाज में भाषा के प्रचार एवं प्रसार की एक अनवरत सुदीर्घ परंपरा रही है। और वर्तमान में भी समाज इस परंपरा का साक्षी एवं एक अंग बना हुआ है। उदाहरण के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश में जाकर देखें तो पता चलेगा कि वहां सैकड़ों वर्षों से वहां के निवासी परंपरागत रूप में अवधी भाषा बोलते चले आ रहे हैं और उनकी संतानें भी उसी अवधी भाषा का प्रयोग करती चली आ रही हैं। यही बात समृद्ध एवं समुन्नत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय भाषाओं कि लिए भी लागू होती है।

अर्जित संपत्ति

जहां भाषा हमें परंपरा से प्राप्त होती है, वहां हम भाषा का अर्जन भी करते हैं। क्योंकि जब एक भाषा–भाषी प्रदेश में कोई अन्य भाषा–भाषी व्यक्ति आकर रहने लग जाता है तब वह उस प्रदेश की भाषा को रात–दिन प्रयत्न करके सीख लेता है और उस प्रदेश के निवासी भी रूचि होने पर उसकी भाषा सीख लेते हैं। यही भाषा का अर्जन करना कहलाता है। उदाहरण के लिए भारत में पहले जब मुगल आकर बस गए तब भारतीयों ने उनकी फारसी भाषा भली प्रकार सीख ली और

*अनुवादक

मुगल भी हिन्दी बोलना सीख गए। भारत में जब ईस्ट इंडिया कंपनी अपना व्यापार करने आई तो वह अपनी भाषा और संस्कृति भी अपने साथ लाई जो आज भी भारतीय जनमानस में जीवित परिलक्षित हो रही है।

परिवर्तनशीलता

भाषा में सतत विकास होता रहता है। वह सौ वर्ष पहले जैसी थी वैसी ही आज नहीं रहती अपितु उसमें कहीं–कहीं तो पर्याय परिवर्तन हो जाता है। उदाहरण के लिए भारत की प्राचीन वैदिक संस्कृति ही ले लीजिए। उसका जो स्वरूप–ऋगवेद और पुराणादि वेदों में मिलता है वह आगे चलकर ब्राह्मण ग्रंथों, अरण्यकों, उपनिषदों में नहीं मिलता। फिर रामायण, महाभारत में आकर तो वह संस्कृत बिल्कुल परिवर्तित हो गयी। ऐसे ही प्राकृत तथा अपभ्रंष भाषाओं की दशा रही है, वे भी सतत परिवर्तित होती हुई लोक भाषा का परित्याग करके साहित्यिक भाषा बनीं और फिर लुप्त हो गईं। इसी तरह का परिवर्तन खड़ी बोली में भी देखा जा सकता है, खड़ी बोली धीरे–धीरे बोली की भाषा से परिवर्तित होते हुए शुद्ध एवं परिनिष्ठित भाषा बन गई।

भाषा का नैसर्गिक एवं अविच्छिन्न प्रवाह

भाषा बहता नीर है। नदी के प्रवाह की तरह भाषा का प्रवाह भी अविच्छिन्न एवं नैसर्गिक होता है। भाषा का प्रवाह प्राकृतिक होता है क्योंकि भाषा का निर्माण कभी किसी एक व्यक्ति के द्वारा नहीं होता अपितु सम्पूर्ण समाज में व्यवहृत शब्द ही भाषा की सहज संपत्ति बना करते हैं। जैसे नदी कभी अपना मार्ग निर्माण स्वयं नहीं करती वैसे ही भाषा कभी अपना रूप निर्माण नहीं करती अपितु उसके प्रयोक्ता स्वाभाविक रूप में उसके रूपों का निर्माण किया करते हैं। चाकू, इंच, अपील, रिपोर्ट, मार्केट, टिकट, अचार, पीपा, मेंज, संतरा आदि शब्द हिन्दी भाषा में आकर मिल गए हैं। आज विभिन्न भाषाओं के शब्द हिन्दी में आकर मिल गए हैं और विभिन्न भाषाओं के शब्द हिन्दी में व्यवहृत हो रहे हैं। विविध शब्दों एवं उपयोगों को अपनाती हुई भाषा सदैव एक प्राकृतिक नदी की भांति सतत गतिशील रहती है उसकी अविच्छिन्न धारा में तनिक भी रूकावट नहीं पड़ती और वह अपने आस–पास की भाषाओं को भी अपनी सहज संपत्ति बनाती हुई उसी तरह बहती रहती है जिस तरह विभिन्न छोटी–छोटी नदियाँ नालों आदि के जल को लेकर कोई बड़ी नदी सतत प्रवाहित होती रहती है। यही कारण है कि भाषा का प्रवाह नैसर्गिक होता है।

अनुकरण से सीखना

भाषा कभी स्वतः नहीं आती वह संरक्षक या शिक्षक की ध्वनि का अनुकरण करने पर सीखी जाती है। बच्चे माता–पिता को जिस तरह बोलते हुए सुनते हैं उनकी ध्वनि को बोलने लगते हैं यथा–पानी। उदाहरण के लिए, 'मम'–ऐसे ही धीरे धीरे शब्दों से आगे बढकर और अनुकरण करते–करते वाक्यों का निर्माण करने लगतें हैं और बड़ा होकर उस भाषा की ध्वनियों का उच्चारण करते–करते उस भाषा को व्यवहार में लाने लगते हैं।

मानव जीवन से पोषित

भाषा मानव जीवन का अविष्कार है क्योंकि संसार के सभी मानवों में किसी न किसी भाषा का प्रचार देखा जा सकता है। पशु पक्षियों आदि में कोई भाषा प्रचलित नहीं थी। मानव ने अपने जीवन यापन के लिए अथवा जीवन के व्यवहार के लिए भाषा का निर्माण किया। मानव ने आरंभ से भाषा को सजाया है समुन्नत बनाया है तथा उसके अभावों को दूर किया है उसे सभी प्रकार से संपन्न बनाया है और उसमें सभी प्रयोक्ताओं की आवश्यकतानुसार संशोधन और परिवर्धन किया है। मानव ने ही संकेतों का अविष्कार एवं अन्वेषण किया है। मानव ने ही विविध शब्दों का निर्माण किया है। शब्द और अर्थ का संबंध मानव निर्मित ही है।

भाव संप्रेषणीयता का सर्वश्रेष्ठ साधन

भाषा के निर्माण से पूर्व मानव अपना व्यवहार कैसे करता था, कैसे अपनी इच्छाओं एवं भावनाओं को व्यक्त करता था तथा कैसे विचार–विनिमय करता था, आज इन प्रश्नों पर अनुमान लगाया जाता है कि वह पशुओं एवं पक्षियों की भांति केवल शारीरिक एवं कुछ अव्यक्त तथा निरर्थक ध्वनियों का प्रयोग करता रहा होगा। कुछ विद्वान यह मानने को तैयार नहीं हैं कि आदि मानव के पास भाषा नहीं थी। उनका विचार है कि मानव ने पशुओं एवं पक्षियों की अपेक्षा अधिक बुद्धिगत योग्यताएं लेकर जन्म लिया है। अतः आदि काल में भी उसके पास भाषा थी, भले ही वह अविकसित और अपरिमार्जित रही हो अथवा अधिक सार्थक एवं सूक्ष्म चिंतन क्षमता से परिपूर्ण न हो। जो भी हो यह बात सभी विद्वान मानते हैं कि मानव ने भाषा को इसलिए अधिकाधिक विकसित किया है क्योंकि उसको दैनिक जीवन में इसकी परम आवश्यकता थी, इसके बिना उसका काम नहीं चलता था। भाषा के बिना वह अपनी इच्छाएं एवं भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाता था। भावों की अभिव्यक्ति के लिए शारीरिक चेष्टाओं एवं व्यापार को भी प्रयोग में लाया जाता है परन्तु देखा गया है कि ये चेष्टायें एवं व्यापार इतने सशक्त एवं समर्थ नहीं हैं जितनी कि भाषा होती है। भाषा के द्वारा सभी प्रकार के मनोभाव सरलता एवं सुगमता के साथ व्यक्त किए जाते हैं। यही कारण है कि भाषा भाव संप्रेषणीयता का सर्वश्रेष्ठ साधन है।

सार्वजनिक संपत्ति

भाषा एक सार्वजनिक संपत्ति है, इसका उत्तरोत्तर विकास हुआ है और इस पर किसी एक जाति, धर्म, संप्रदाय अथवा परिवार का अधिकार नहीं है अपितु एक समाज में रहने वाले विविध जाति, धर्म, संप्रदाय और परिवार वाले व्यक्तियों में समान रूप से भाषा का प्रचार एवं प्रसार देखा जाता है। यदि कोई व्यक्ति एक भाषा क्षेत्र को छोड़कर किसी दूसरे भाषा क्षेत्र में रहने लगता है तो एक दो पीढी के उपरांत यह देखा जाता है कि उस परिवार के व्यक्ति अपने पूर्वजों की भाषा को भूलकर उसी भाषा का व्यवहार करने लगते हैं जिस भाषा क्षेत्र में वे रह रहे हैं। इसी तरह भाषा प्रत्येक व्यक्ति को समाज में रहने पर सहज रूप से प्राप्त होती है और यदि वह प्रयत्न करे तो उस समाज की भाषा से भिन्न अन्य भाषाओं को भी सीख सकता है। इसलिए भाषा पर किसी का पैतृक अधिकार नहीं होता और न ही वह किसी की निजी संपत्ति होती है जिसे दूसरा कभी ग्रहण न कर सके, अपितु प्रत्येक भाषा मानव के लिए सहज एवं स्वाभाविक रूप से प्राप्त होने वाली सार्वजनिक संपत्ति होती है।

जटिलता से सरलता की ओर उन्मुख

भाषा के क्रमिक विकास का अनुशीलन करने पर विद्वानों ने यह तथ्य निकाला है कि मानव सदैव भाषा के जटिल प्रयोगों को सरल बनाने की ओर उन्मुख रहा है। मानव की यह सहज प्रवृत्ति भी है कि वह कम से कम प्रयत्न में अधिक से अधिक बात कहना चाहता है अथवा कम से कम ध्वनि संकेतों में बडे से बड़े शब्द को व्यक्त करना चाहता है। उदाहरण के लिए,

पुस्तिका	पोथी
अट्टालिका	अटारी
मुद्गरिका	मुगरी
स्वर्णकार	सुनार

उपसंहार

अतः उपरोक्त व्यावहारिक मानकों के विश्लेषणों के आधार पर यह कहना अनुचित नहीं होगा कि भाषा का उद्गम स्रोत समाज ही है जहां से भाषा का निर्माण भी होता है और यदि समाज इन व्यावहारों में शिथिलता लाता है तो भाषा मर भी जाती है। परन्तु इनके व्यावहारिक मानकों के अनुपालन और अनुसरण से यह सिद्ध होता है कि भाषा सदैव जटिलता से सरलता की ओर उन्मुख होती है।

जुलाई–सितम्बर, 2018 में समाप्त तिमाही का तकनीकी सारसंग्रह

रा.ज.वि.अ. ने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के अधीन संभाव्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए 30 लिंक (प्रायद्वीपीय घटक के अधीन 16 तथा हिमालयी घटक के अधीन 14 लिंक) अभिज्ञात किए हैं। सभी 30 लिंकों की पूर्व संभाव्यता रिपोर्ट पूरी कर ली हैं तथा संबंधित राज्य सरकारों को परिचालित कर दी गई हैं।

संभाव्यता रिपोर्टें

प्रायद्वीपीय घटक के अधीन अभिज्ञात 16 लिंकों में से कर्नाटक से संबंधित 2 छोटे लिंकों नामतः बेदथी–वरदा और नेत्रावती–हेमावती लिंकों को छोड़कर अन्य सभी की संभाव्यता रिपोर्टें पूरी कर ली गई हैं।

रा.ज.वि.अ. ने हिमालयीन घटक के अधीन अभिज्ञात 14 लिंकों में से 2 लिंकों नामतः शारदा–यमुना तथा घाघरा–यमुना (भारतीय भाग) की संभाव्यता रिपोर्टें पूरी कर ली हैं परन्तु नेपाल के सीमा क्षेत्र में कार्य पूरा ना होने के कारण इन्हें परिचालित नहीं किया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त 7 लिंकों नामतः (i) यमुना–राजस्थान (ii) चुनार–सोन–बैराज लिंक (iii) सुबर्णरेखा–महानदी लिंक (iv) गंगा–दामोदर–सुबर्णरेखा लिंक (v) फरक्का–सुंदरबन लिंक (vi) राजस्थान–साबरमती लिंक (vii) गंडक–गंगा लिंक से संबंधित भारतीय भाग में सर्वेक्षण एवं अन्वेषण तथा संभाव्यता रिपोर्ट के प्रारूप तैयार करने का कार्य पूरा कर लिया है। केन्द्रीय जल आयोग/पंचेश्वर विकास प्राधिकरण द्वारा पंचेश्वर बांध का कार्य पूरा होने के बाद शारदा–यमुना लिंक की संभाव्ता रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। सोन बांध गंगा की सहायक नदियों की संभाव्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए दूरस्थ संज्ञान नक्शों का प्रयोग करते हुए सर्वेक्षण एवं अन्वेषण कार्य पूरा कर लिया है। एम.एस.टी.जी. (विकल्प–II मानस बांध के बिना) की संभाव्यता रिपोर्ट का प्रारूप पूरा कर लिया है तथा इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरी तरह से नेपाल के सीमा क्षेत्र में आने वाले कोसी – मेची लिंक तथा एम.एस.टी.जी. का विकल्प जोगी घोपा – तीस्ता – फरक्का की संभाव्याता रिपोर्ट तैयार करने का लक्ष्य अभी नहीं है।

एम. एस. टी. जी. (हिमालय घटक) लिंक को महानदी – गोदावरी (प्रायद्वीपीय घटक) लिंक को एकीकृत करने की संभावना तलाशी जा रही है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

तीन लिंक परियोजनाओं नामतः केन–बेतवा लिंक, दमनगंगा–पिंजाल लिंक तथा पार–तापी–नर्मदा लिंक की विस्तृत परियोजना रिपोर्टें पूरी कर ली हैं। 3 लिंकों के संबंध में संबंधित राज्यों के मध्य मतैक्यता स्थापित कराने/क्रियान्वयन के लिए माननीय मंत्री, (ज.सं.न.वि.वगं.स.), सचिव (ज.सं.न.वि.वगं.स.) तथा महानिदेशक रा.ज.वि.अ. भरसक प्रयास कर रहे हैं।

माननीय मंत्री, (ज.सं.न.वि.व गं.स.), ने उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश राज्यों के माननीय मुख्य मंत्रियों के साथ दिनांक 25.09.2017 को बैठक की तथा माननीय मुख्य मंत्री मध्य प्रदेश सरकार के साथ दिनांक 13.02.2018 एवं 18.05.2018 को बैठक की। केन–बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन पर मतैक्यता के लिए समझौता ज्ञापन का प्रारूप मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश राज्यों को भेज दिया गया है। केन–बेतवा लिंक परियोजना के समझौता ज्ञापन पर विचार विमर्श करने के लिए सचिव (ज.सं.न.वि.व गं.सं.मं.) ने उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ दिनांक 23.04.2018 को बैठक की।

पार–तापी–नर्मदा तथा दमनगंगा–पिंजाल लिंक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन का प्रारूप महाराष्ट्र तथा गुजरात सरकारों को सितंबर 2017 में भेज दिया है। माननीय मंत्री (ज.सं.न.वि.व गं.सं.मं.) ने गुजरात तथा महाराष्ट्र सरकार के मुख्य मंत्रियों के साथ दिनांक 25.09.2017 को बैठक की। दमनगंगा – पिंजाल तथा पार – तापी – नर्मदा लिंक परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करने के लिए माननीय मंत्री (ज.सं.न.वि.वगं.स.), ने दोनों राज्यों के

अधिकारियों के साथ 16 जनवरी 2018 को बैठक की। इन दो लिंक परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने के लिए सचिव (ज.सं.न.वि.व गं.स.), ने भी महाराष्ट्र तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों के साथ दिनांक 20.04.2018 एवं 07.09.2018 को बैठक की।

महानदी तथा गोदावरी नदी बेसिनों से पथांतरित किए जाने वाले जल की मात्रा पर मतैक्यता नहीं हो पाई है, रा.ज.वि.अ. ने गोदावरी (इंचमपल्ली)– कावेरी लिंक द्वारा गोदावरी बेसिन के इंद्रावती उप बेसिन (गोदावरी जल विवाद अधिकरण के पंचाट के अनुसार छत्तीसगढ़ के अप्रयुक्त जल अंश) के अप्रयुक्त जल को कावेरी बेसिन में अंतरित करने के लिए वैकल्पिक अध्ययन किया है। संबंधित राज्य सरकारों से सहमति लेने के लिए तकनीकी संभाव्यता नोट परिचालित कर दिया है। तदनुसार, रा.ज.वि.अ. ने लिंक परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य आंरभ कर दिया है।

अंतः राज्यीय लिंक

रा.ज.वि.अ. को 9 राज्यों नामतः महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, ओडिशा, बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, तथा कर्नाटक से कुल 47 अंतः राज्यीय लिंक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। रा.ज.वि.अ. ने इन 47 अंतः राज्यीय लिंक प्रस्तावों में से 36 लिंको की पूर्व संभाव्यता रिपोर्टें पूरी कर ली हैं।

बूढ़ी गंडक – नून – बया – गंगा लिंक तथा कोसी – मेची (अंतः राज्यीय लिंक) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली है तथा बिहार सरकार को भेज दी गई है। तमिलनाडु की पोनय्यार (नेडुंगल–अनीकट) – पालार लिंक की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी पूरी कर ली है तथा इसे तमिलनाडु और कर्नाटक सरकार को भेज दिया है। महाराष्ट्र की वेनगंगा (गोसीखुर्द) – नलगंगा (पूरना–तापी), दमनगंगा (इकदारे) – गोदावरी लिंक तथा दमनगंगा – वैतरणा – गोदावरी (कदवादेव) लिंक परियोजनाओं की विस्तृरत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।

तकनीकी बैठकों / सेमिनारों / प्रशिक्षण कार्यक्रमों / कार्यशालाओं मे भागीदारी

महानिदेशक रा.ज.वि.अ. तथा रा.ज.वि.अ. के अन्य अधिकारियों ने तिमाही के दौरान समय – समय पर इकत्तीस तकनीकी बैठकों, दो सेमिनारों, एक कार्यशाला और दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

संसदीय प्रश्नों / वी.आई.पी./ पी.एम.ओ./ पी.जी./ पी.एस. संदर्भों के उत्तर

तिमाही के दौरान 103 वी.आई.पी./ पी.एम.ओ./ पी. जी./ पी.एस. ग्राम संदर्भों तथा 26 संसदीय प्रश्नों / मामलों के उत्तर दिए गए।

पी.एम.के.एस.वाई.–ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत नाबार्ड निधियन

पी.एम.के.एस.वाई. – ए.आई.बी.पी. के अंतर्गत वर्ष 2016 से 15 राज्यों, उत्तरी कोइल तथा पोलावरम परियोजनाओं को 15242.0247 करोड़ रूपए संवितरित किए गए। इसमें से वर्ष 2018–19 की दूसरी तिमाही के दौरान 1556.2 करोड़ रूपए संवितरित किए गए।

रा.ज.वि.अ. की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक

माननीय मंत्री की अध्यक्षता में रा.ज.वि.अ. की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 20.08.2018 को नई दिल्ली में हुई।

नदी जोड़ पर विशेष समिति

नदी जोड़ पर विशेष समिति की 15वीं बैठक दिनांक 20.08.2018 को हुई।

सबसे उपयुक्त वैकल्पिक योजना (उप समिति–II) अभिज्ञात करने के लिए प्रणाली अध्ययनों पर उप समिति

उप समिति II की 12वीं बैठक दिनांक 27.7.2018 को हुई।

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की दिनांक 20 अगस्त, 2018 को नई दिल्ली में हुई बत्तीसवीं वार्षिक सामान्य बैठक एवं नदियों के अंतर्योजन पर विशेष समिति की पंद्रहवीं बैठक की झलकियां

हिन्दीं में तकनीकी काम करना सरल है, शुरूआत तो कीजिए

01.07.2018 से 30.09.2018 तक

नियुक्तियां

इस अवधि में सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति द्वारा निम्नलिखित भर्ती की गई

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम	प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती	तैनाती का स्थान
1.	श्री अनुराग, आशुलिपिक श्रेणी–II	सीधी भर्ती 26.07.2018 (पूर्वा.)	मुख्यालय, नई दिल्ली
2.	श्रीमती प्रिया विज, आशुलिपिक श्रेणी–II	सीधी भर्ती 28.07.2018 (पूर्वा.)	अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., ग्वालियर
3.	श्री निरंजन पाठक, आशुलिपिक श्रेणी–II	सीधी भर्ती 31.07.2018 (पूर्वा.)	अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., भुवनेश्वर
4.	श्री चेतन शर्मा, अवर श्रेणी लिपिक	सीधी भर्ती 13.08.2018 (पूर्वा.)	अन्वेषण प्रभाग–II, रा.ज.वि.अ., नासिक
5.	श्री सोहन कुमार, आशुलिपिक श्रेणी–II	सीधी भर्ती 07.09.2018 (पूर्वा.)	मुख्य अभियंता (उत्तर) रा.ज.वि.अ., लखनऊ

रा.ज.वि.अ. से पदोन्नति प्राप्त पदाधिकारी

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम	पद एवं पदोन्नति की तिथि	तैनाती का स्थान
1.	श्री एन. जे. सरोदे, आशुलिपिक श्रेणी–I	निजी सचिव 03.07.2018	अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., नासिक
2.	श्री सी. पी. एस. सेंगर, कार्यपालक अभियंता	अधीक्षक अभियंता 13.07.2018	अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., पटना
3.	श्री जयराम, सहायक कार्यपालक अभियंता	कार्यपालक अभियंता 09.08.2018 (तदर्थ पदोन्नति)	अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., लखनऊ
4.	श्री एन.पी. साहू सहायक निदेशक	उप निदेशक 09.08.2018 (तदर्थ पदोन्नति)	रा.ज.वि.अ. मुख्यालय नई दिल्ली
5.	श्री आर.के. गुप्ता, सहायक कार्यपालक अभियंता	कार्यपालक अभियंता 23.08.2018 (तदर्थ पदोन्नति)	अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., झांसी
6.	श्री बी. रविचंदर, सहायक कार्यपालक अभियंता	कार्यपालक अभियंता 04.09.2018 (तदर्थ पदोन्नति)	अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., भुवनेश्वर

रा.ज.वि.अ. से सेवानिवृत्ति / त्यागपत्र / प्रत्यावर्तन प्राप्त पदाधिकारी

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम	सेवानिवृत्ति/प्रत्यावासन की तीथि
1.	श्री जब्बार अली, अधीक्षक अभियंता, अन्वेषण सर्किल, रा.ज.वि.अ., हैदराबाद	31.07.2018
2.	श्री अकादशी जेना, एम.टी.एस., अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., पटना	31.07.2018
3.	श्रीमती आर.के.मुरगोडे, एम.टी.एस., अन्वेषण प्रभाग–I, रा.ज.वि.अ., नासिक	31.07.2018
4.	श्री कृष्णलाल, क.ले.अ., रा.ज.वि.अ., मुख्यालय, नई दिल्ली	30.09.2018
5.	श्री अमित रंजन दास, प्रधान लिपिक, अन्वेषण प्रभाग, रा.ज.वि.अ., कोलकाता	30.09.2018

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की गतिविधियां
मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़ा 2018 का आयोजन

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण मुख्यालय, नई दिल्ली एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में 14 सितम्बर, 2018 से 28 सितम्बर, 2018 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के शुभारंभ समारोह में मुख्य अभियंता (मुख्यालय) ने महानिदेशक महोदय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महानिदेशक महोदय ने मुख्य अभियंता (मुख्यालय) और अन्य अधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलन कर पखवाड़े का शुभारंभ किया। श्रीमती आशा ऑबराय, श्रीमती नलिनी मोहन, श्रीमती निर्मल सिंह, श्रीमती राधा, श्रीमती रीना वाधवा, श्री अनुराग, श्री विक्रम सिंह एवं श्री योगश ने वन्दे मातरम् की भावभीनी प्रस्तुत की।

सर्व प्रथम सहायक निदेशक राजभाषा ने पखवाड़े की रूपरेखा प्रस्तुत की। निदेशक तकनीकी एवं राजभाषा अधिकारी श्री के.पी. गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण में हिन्दी का प्रयोग निरन्तर बढ़ रहा है और अनुरोध किया कि इस पूरे पखवाड़े में केवल हिन्दी में कार्य करने का प्रयास करें जिससे इस पखवाड़े को सफल बनाया जा सके। जैसा हम बोलते हैं उसी प्रकार से लिखें। नोटिंग हो या पत्र उनकी भाषा सहज रूप से समझ में आने वाली हो तो बहुत ही अच्छा रहेगा। जैसे आपस में बातचीत करके काम को आगे बढ़ाते हैं वैसे ही फाइलों पर भी उसी बोल–चाल की हिन्दी को प्रयोग में लाकर काम को आगे बढ़ाना चाहिए।

मुख्य अभियंता (मुख्यालय) ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि हिन्दी भाषा एक बहुत सरल और सहज माध्यम है और यह पूरे देश में आसानी से समझी और बोली जाती है। हिन्दी में दूसरी भाषाओं के ऐसे अनगिनत शब्द हैं जो देश की अन्य भाषाओं के साथ–साथ कई विदेशी भाषाओं से भी हिन्दी में इस प्रकार मिल चुके हैं कि आज उन्हें अलग नहीं किया जा सकता है। हिन्दी के माध्यम से पूरा देश अपने विचारों का आदान–प्रदान करता है। भारत सरकार के भी स्पष्ट आदेश हैं कि सरकारी काम–काज में सरल हिन्दी का प्रयोग किया जाए। कार्यालय में आप तकनीकी अनुभागों में काम कर रहे हों, प्रशासन में सभी मूल रूप से छोटे–छोटे पत्र, नोटिंग आदि हिन्दी में ही लिखने का अभ्यास करें। अंग्रेजी के शब्दों का उपयोग भी देवनागरी में लिखकर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि हैदराबाद में संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने अन्वेषण सर्किल का निरीक्षण किया। उप समिति ने भी यही कहा कि हमें अपना काम हिन्दी में धीरे–धीरे इस तरह से बढ़ाना है जिससे हम इस विषय में तय किए गए लक्ष्य तक पहुंच जाएं। उप समिति ने सर्किल में हिन्दी में किए जा रहे काम की सराहना भी की। उन्होंने भी सबसे अनुरोध किया कि प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भाग लें और पखवाड़े को सफल बनाएं।

महानिदेशक महोदय ने पखवाड़े की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण में हिन्दी में अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य अभियंता (दक्षिण) के रूप में हिन्दी में किए कार्य के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दी अपने आप में एक बहुत सरल और स्पष्ट भाषा है और इसकी लिपि अत्यंत वैज्ञानिक है। हम और आप रोज़ बातचीत में इसका प्रयोग करते हैं अधिकांश बड़ी बैठकों में भी हिन्दी में वार्तालाप किया जाता है जो पहले नहीं होता था और सरकारी काम–काज हिन्दी में करना भी बहुत मुश्किल नहीं है। तकनीकी कार्यों तथा पत्राचार आदि में हिन्दीं का उपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण में बहुत अधिक काम–काज हिन्दी में किया जाता है। हिन्दी के सरल–सहज शब्दों को उपयोग में लाते हुए अपना कार्यालयी काम–काज करने का प्रयास पूरे मन से करें। इस अवसर पर उन्होंने अपील भी जारी की। (अपील अलग से प्रस्तुत)

पखवाड़े के शुभारंभ के साथ काव्य वाचन प्रतियोगिता

का आयोजन किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ हिन्दी पखवाड़े का उद्‌घाटन समारोह समाप्त हुआ।

हिन्दी पखवाड़े के दौरान छह विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिनमें रा.ज.वि.अ. के सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और इस पखवाड़े को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। हिन्दी पखवाड़े के दौरान छह प्रतियोगिताएं निम्नानुसार आयोजित की गईः

काव्य वाचन प्रतियोगिता 17.09.2018

दिनांक 17.09.2018 को काव्य वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता बहुत ही रोचक रही तथा इसमें श्रोतागण भी बहुत बड़ी संख्या में कविताओं का रसास्वादन करने पहुंचे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक श्री आर.के. जैन, मुख्य अभियंता (मुख्या.) एवं श्री के.पी. गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) एवं राजभाषा अधिकारी थे। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम(सर्वश्री / श्रीमती)	पुरस्कार
1	जगवंत खेड़ा, प्रारूपकार	प्रथम
2	ललित कुमार स्यानियां, कनिष्ठ अभियंता	द्वितीय
3	एस.के. तैलंग, अवर श्रेणी लिपिक	तृतीय
4	आशा ऑबराय, निजी सचिव	प्रोत्साहन
5	नलिनी मोहन, आशुलिपिक	प्रोत्साहन

प्रार्थनापत्र लेखन प्रतियोगिता 18.09.2018

(केवल चालकों एवं एम.टी.एस. के लिए)

दिनांक 18.09.2018 को प्रार्थना पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता विशेषतौर पर केवल चालकों एवं एम.टी.एस. कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाती है। इसमें सभी पदाधिकारियों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक श्री नरेन्द्र कुमार, निदेशक (प्रशासन) एवं श्री अफरोज आलम, अधीक्षक अभियंता थे। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का विवरण निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम(सर्वश्री / श्रीमती)	पुरस्कार
1	महेश कुमार, एम.टी.एस.	प्रथम संयुक्त
	महावीर सिंह, वाहन चालक	
2	परमिंदर सिंह नेगी, एम.टी.एस.	द्वितीय संयुक्त
	उमेश चन्द्र, एम.टी.एस.	
3	गोपाल दत्त, एम.टी.एस.	तृतीय संयुक्त
	के.एस. उपाध्याय, एम.टी.एस.	
4	भोपाल सिंह, एम.टी.एस.	प्रोत्सांहन
5	राजकंवर, एम.टी.एस.	प्रोत्सांहन

गीत, दोहा, चौपाई, अंताक्षरी प्रतियोगिता 20.09.2018

दिनांक 20.09.2018 को गीत, दोहा, चौपाई अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें गंगा समूह, यमुना समूह, कृष्णा समूह, सरस्वती समूह, कावेरी समूह, पांच टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक श्री के.पी. गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) एवं राजभाषा अधिकारी एवं श्री रूपेश कुमार सिन्हा, निदेशक (वित्त) थे। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम(सर्वश्री / श्रीमती)	पुरस्कार
गंगा समूह	बी.के. टंडेल, सहायक अभियंता	प्रथम संयुक्त
	ईश्वर लाल मौर्या, प्रारूपकार	
	मोहम्मद इरफान, अवर श्रेणी लिपिक	
	रजनी शर्मा, अवर श्रेणी लिपिक	
	एस. दुर्गाबाई, प्रवर श्रेणी लिपिक	
	आशा ऑबराय, वरिष्ठ निजी सचिव	
	रीता कश्यप, आशुलिपिक	

कावेरी समूह	निर्मल सिंह, आशुलिपिक	द्वितीय संयुक्त
	राकेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक	
	राम किशन, कनिष्ठ अभियंता	
	जगवंत खेड़ा, प्रारूपकार	
	के.एच. रहमान, कनिष्ठ अभियंता	
	एन.पी.साहू, उपनिदेशक	
	ललित कुमार स्यानियां, कनिष्ठ अभियंता	
यमुना समूह	हरि ओम वार्ष्णेय, कनिष्ठ अभियंता	तृतीय संयुक्त
	राजकंवर, एम.टी.एस.	
	सुरेश कुमार, कनिष्ठ लेखाकार	
	आर बालकृष्णन, सहायक अभियंता	
	विक्रम सिंह, अवर श्रेणी लिपिक	
	के.के.श्रीवास्तव, उपनिदेशक	
	योगेश मलिक, अवर श्रेणी लिपिक	
कृष्णा समूह	शोभा रावत, आशुलिपिक	प्रोत्साहन संयुक्त
	डी.के. कार, अवर श्रेणी लिपिक	
	ए.के. जैन, उपनिदेशक	
	आर.के.खरबंदा, उपनिदेशक	
	चमन लाल, एम.टी.एस.	
	मिथलेश मौर्या, अवर श्रेणी लिपिक	
	पी.आंजनेयुलु, सहायक अभियंता	
सरस्वती समूह	के.सी. बघेल, कनिष्ठ अभियंता	प्रोत्साहन संयुक्त
	सत्य प्रकाश तोमर, कनिष्ठ अभियंता	
	शशि चंद्र मंगल, सहायक अभियंता	
	अनुराग, आशुलिपिक श्रेणी II	
	के.एस. उपाध्याय, एम.टी.एस.	
	रामदास सिंह, अवर श्रेणी लिपिक	
	राधा, अवर श्रेणी लिपिक	
	सुरेश कुमार तैलंग, अवर श्रेणी	

वाद–विवाद प्रतियोगिता–24.09.2018

दिनांक 24.09.2018 को वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बहुत रोचक रही तथा इसमें बहुत बढ़–चढ़ कर बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक श्री अफरोज आलम, अधीक्षक अभियंता एवं श्री मुजफ्फर अहमद, अधीक्षक अभियंता थे। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम(सर्वश्री / श्रीमती)	पुरस्कार
1	हरि ओम वार्ष्णेय, कनिष्ठ अभियंता	प्रथम संयुक्त
	ईश्वर लाल मौर्य, प्रारूपकार	
2	आशा ऑबराय, वरिष्ठ निजी सचिव	द्वितीय संयुक्त
	बी.के. टंडेल, सहायक अभियंता	
3	राम किशन, कनिष्ठ अभियंता	तृतीय संयुक्त
	के.सी. बघेल, कनिष्ठ अभियंता	
4	के.ए. नायुडु, सहायक अभियंता	प्रोत्साहन संयुक्त
5	आर. बालकृष्णन, सहायक अभियंता	प्रोत्साहन संयुक्त

एक मिनट की स्वभाषण प्रतियोगिता – 26.09.2018

दिनांक 26.09.2018 को एक मिनट की स्वभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 40 के करीब शीर्षकों को चुना गया। हर शीर्षक की अलग–अलग पर्ची बनाई गई। प्रत्येक प्रतिभागी ने 2 पर्ची उठाई और एक शीर्षक को चुन कर दूसरी पर्ची वापस रख दी और चुने गए विषय पर एक मिनट का भाषण दिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती जानसी विजयन, निदेशक (एम.डी.यू.) एवं श्री मुजफ्फर अहमद, अधीक्षक अभियंता थे। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम(सर्वश्री / श्रीमती)	पुरस्कार
1	ललित कुमार स्यानियां, कनिष्ठ अभियंता	प्रथम संयुक्त
	के.एच. रहमान, कनिष्ठ अभियंता	
	अनुराग, आशुलिपिक	
	रामदास सिंह, अवर श्रेणी लिपिक	

2	राधा, अवर श्रेणी लिपिक ईश्वर लाल मौर्या, प्रारूपकार हरिओम वार्ष्णेय, कनिष्ठ अभियंता के.एस. उपाध्याय, एम.टी.एस.	द्वितीय संयुक्त
3	एन.पी.साहू, उपनिदेशक राम किशन, कनिष्ठ अभियंता जगवंत खेड़ा, प्रारूपकार राजकंवर, एम.टी.एस.	तृतीय संयुक्त
4	बी.के. टंडेल, सहायक अभियंता सुरेश कुमार, कनिष्ठ लेखाकार	प्रोत्साहन संयुक्त
5	विक्रम सिंह, अवर श्रेणी लिपिक सुरेश कुमार तैलंग, अवर श्रेणी लिपिक	प्रोत्साहन संयुक्त

राजभाषा हिन्दी प्रश्नावली प्रतियोगिता – 28.09.2018

दिनांक 28.09.2018 को राजभाषा हिन्दी प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की गई इसमें सरस्वती समूह, कावेरी समूह, गंगा समूह, यमुना समूह, कृष्णा समूह पांच टीमों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। जिसमें राजभाषा संबंधित, सामान्य ज्ञान तथा रा.ज.वि.अ. से संबंधित प्रश्नों के उत्तर पूछे गए। इस प्रतियोगिता के निर्णायक श्री के.पी.गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) व राजभाषा अधिकारी एवं श्रीमती अर्चना गुप्त, सहायक निदेशक (रा.भा.) थे। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	नाम एवं पदनाम(सर्वश्री / श्रीमती)	पुरस्कार
गंगा समूह	एन.पी. साहू, उपनिदेशक चमन लाल, एम.टी.एस. के.एस. उपाध्याय, एम.टी.एस. नानक चन्द, अवर श्रेणी लिपिक राकेश कुमार गुप्ता, कार्यपालक अभियंता(मु.) हरिओम वार्ष्णेय, कनिष्ठ अभियंता रामकिशन, कनिष्ठ अभियंता	प्रथम संयुक्त
यमुना समूह	के.एच. रहमान, कनिष्ठ अभियंता ललित कुमार स्यानियां, कनिष्ठ अभियंता बी.के. टंडेल, सहायक अभियंता एस.सी. मंगल, सहायक अभियंता महेश कुमार, एम.टी.एस. राधा, अवर श्रेणी लिपिक आशा ऑबराय, वरिष्ठ निजी सचिव	द्वितीय संयुक्त
कावेरी समूह	आर.के.खरबंदा, उपनिदेशक सत्य प्रकाश तोमर, कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार तैलंग, अवर श्रेणी लिपिक रामदास सिंह, अवर श्रेणी लिपिक बिजेन्द्री सैंत्रीवाल, प्रवर श्रेणी लिपिक के.ए. नायुडु, सहायक अभियंता जगवंत खेड़ा, प्रारूपकार दलीप सिंह, आशुलिपिक	तृतीय संयुक्त
सरस्वती समूह	तृप्ता ढ़ीगरा, प्रधान लिपिक पी.आंजनेयुलु, सहायक अभियंता मिथलेश मौर्या, अवर श्रेणी लिपिक शोभा रावत, आशुलिपिक विक्रम सिंह, अवर श्रेणी लिपिक नलिनी मोहन, आशुलिपिक अनुराग, आशुलिपिक	प्रोत्साहन संयुक्त
कृष्णा समूह	एन. जयंती, प्रधान लिपिक अशोक भटेले, कनिष्ठ अभियंता रजनी शर्मा, अवर श्रेणी लिपिक ए.के. जैन, उपनिदेशक इंदु जायसवाल, कनिष्ठ अभियंता के.सी. बघेल, कनिष्ठ अभियंता अन्जू गुलाटी, अवर श्रेणी लिपिक	प्रोत्साहन संयुक्त

